मैदानी दोस्त

नैन्सी स्माइलर लेविंसन

चित्र: स्टेसी श्यूट



मैदानी दोस्त

नैन्सी स्माइलर लेविंसन

चित्र: स्टेसी श्यूट





विषय-वस्तु





अध्याय 1
मकई के छिलके

यह नेब्रास्का के मैदान पर
गर्मियों का अंत था.
एक हल्की हवा
चौड़ी, खुली जमीन पर बह रही थी.
"मकई के छिलके छीलने
के लिए यह एक अच्छा दिन है,"
बेट्सी ने कहा.



पापा ने अपना वायलिन बजाया.

माँ ने एक ताज़ी बेरी पाई काटी.



बेट्सी और उसके छोटे भाई,

जुड ने मकई छीलने की प्रतियोगिता के लिए

मकई के ढेर बनाए.

"देखो!" बेट्सी ने कहा.

"डावसन का वैगन आ रहा है."



वैगन रुकी और मिस्टर डावसन,

दादी डावसन, फ्रैंक और जुड़वाँ बच्चे

उसमें से नीचे कूद पड़े.

"आप सबको देखकर बहुत अच्छा लगा!"

माँ ने कहा.

"हमारे पास आपके लिए बफैलोबेरी जैम है."

"हम बेर का हलवा लाए हैं," दादी डॉसन ने कहा.



"अरे, फ्रैंक," जुड ने पुकारा,

"चलो छिपा-छिपी खेलते हैं!"

फिर लड़के एक साथ भाग गए.

बेट्सी ने उन्हें जाते हुए देखा.

वह चाहती थी

काश उसका भी कोई दोस्त होता

जिसके साथ वह खेल खेलती.



मिस्टर और मिसेज़ शॉ,
बून क्रीक क्रॉसिंग पर अपने खेत से
अगले दिन आए.
"हमने मोमबत्तियाँ बनाई हैं.
हमने आपके लिए भी
मोमबत्तियाँ लाए हैं,"
मिस्टर शॉ ने कहा.



बड़ों ने अपनी गायों और सूअरों की
देखभाल के बारे में बात की.
छोटे बच्चों ने छिपा-छिपी खेली.
बेट्सी अकेली बैठी अपनी मकई की
गुड़िया के लिए जंगली
फूलों की माला बनाती रही.





जल्द ही पापा ने पुकारा,

"चलो मकई छीलना शुरू करते हैं!

हमारे पास दो टीमें होंगी.

सभी लोग छिलकों को

जितनी जल्दी हो सके हटायें.

फिर भुट्टों को अपनी टीम के ढेर पर फेंक दें.

सबसे बड़े ढेर वाली टीम

जितने भी भुट्टे खा सकती है,

उन्हें उतने मिलेंगे. तैयार हो जाओ!"





सभी ने मकई के छिलके खींचे.

मकई के छिलके इधर-उधर उड़ने लगे.

मकई के भुट्टों का ढेर बढ़ता गया.



जुड और फ्रैंक उछल पड़े.

"हमारी टीम जीत गई!" वे चिल्लाए.

बेट्सी को जीतने की परवाह नहीं थी.

उसे बस एक दोस्त चाहिए था.





अध्याय 2
नए लोग आ रहे हैं

उस रात, माँ ने कहा,

"मुझे उम्मीद है कि हमारे आस पास

जल्द ही कुछ लोग रहने आएंगे.

मैदान में काफी अकेलापन लगता है."


"क्या आपको लगता है

कि मेरे लिए भी कोई दोस्त आएगा?"

बेट्सी ने धीरे से पूछा.




पापा ने कहा, "मिस्टर शॉ ने कहा है
कि कुछ नए लोग आ रहे हैं.
हो सकता है कि उस परिवार में
तुम्हारी उम्र की कोई लड़की हो."



"क्या हम उनसे मिलने जा
सकते हैं?" बेट्सी ने पूछा.
"बेशक," माँ ने कहा.

एक हफ़्ते बाद, पापा ने सुना
कि नए लोग आ गए हैं.
अगले दिन बेट्सी सुबह जल्दी उठ गई
और उन्हें देखने जाने वाली थी.
लेकिन एक तूफ़ान आया और
वो पूरे दिन और रात चलता रहा.



अंत में, आसमान साफ हुआ.

पापा ने कहा, "नए पड़ोसियों से मिलने का यह एक बढ़िया दिन है.


मैं उन्हें एक फावड़ा उधार दूँगा."

माँ ने कहा, "उन्हें अच्छी किस्मत के लिए हम कुछ रोटी भी देंगे."

बेट्सी गाड़ी पर चढ़ गई.

पापा ने घोड़े से कहा, "चलो."





गाड़ी चलने लगी.

"मान लें उनमें कोई लड़की है..."

बेट्सी ने कहा. "सैली या पर्ल,

मिन्नी या फ्लोरा बेले."

"ये सभी अच्छे नाम हैं,"

पापा ने कहा.







बून क्रीक क्रॉसिंग पर,

उन्होंने एक आदमी को

अपनी गाड़ी के पास खड़ा देखा.

"स्वागत है," पापा चिल्लाए.



"मेरा नाम फिट्ज़रॉय है,"

उस आदमी ने कहा.

पापा ने मिस्टर फिट्ज़रॉय

को फावड़ा दिया,


और बेट्सी ने उन्हें रोटी दी.

"कितने दयालु हैं आप!"

मिस्टर फिट्ज़रॉय ने कहा.

"मेरी बेटी, एमेलिन.

लगभग तुम्हारी उम्र की है."



"एमेलिन. कितना सुंदर नाम है!"

बेट्सी ने कहा.

"वह अभी अपनी माँ के साथ

सैंट पॉल में है,"

मिस्टर फिट्ज़रॉय ने कहा.

"वे तब आएंगे जब मैं

उनके रहने के लिए

एक घर बना सकूंगा."



पापा और मिस्टर फिट्ज़रॉय ने
खेती के बारे में बात की.
बेट्सी ने एमेलिन के साथ नदी में
मछली पकड़ने के बारे में सोचा.



घर लौटते समय बेट्सी ने कहा,
"पता नहीं एमेलिन कब आएगी."





अध्याय 3
मकई-छिलके की गुड़िया

अगले दिन बेट्सी ने कहा,

"मैं एमेलिन के लिए मकई-छिलकों

की गुड़िया बनाने जा रही हूँ."

उसने कुछ मकई के छिलके

सूखने के लिए बाहर रख दिए.



कुछ दिनों बाद वे सूख गए.

बेट्सी ने उन्हें एक बंडल में इकट्ठा किया,

उसने ऊपर से बाँधा और सिर को गोल किया.

वो एक अच्छी शुरुआत थी.



हर दिन, अपने काम ख़त्म करने के बाद

बेट्सी अपनी गुड़िया पर काम करती थी.

उसने हाथों की लटें बनाईं

और कंधों को क्रॉस किया.





"मैं चाहती हूँ कि स्कर्ट बिलकुल
सही हो," बेट्सी ने माँ से कहा.
लेकिन वो सपाट हो गई,
इसलिए उसे फिर से शुरू करना पड़ा.
इस बार उसने चौड़े छिलकों का इस्तेमाल किया
और उन्हें धीरे-धीरे और सावधानी से काटा.



अब स्कर्ट बिलकुल सही तरीके से फूल गई.
"कितनी सुंदर है!" माँ ने कहा.
"मुझे उम्मीद है कि एमेलिन भी
ऐसा ही सोचेगी," बेट्सी ने कहा.





अध्याय 4
एक मुलाक़ात

बेट्सी और उसका परिवार

नए परिवार के रहने के लिए

एक घर बनाने में मदद करने के लिए

बून क्रीक क्रॉसिंग गया.

वहां पर,

मिस्टर और मिसेज़ फ़िट्ज़रॉय ने

उनका स्वागत किया.

डावसन भी वहाँ थे.

आखिरकार, बेट्सी ने

एमेलिन को देखा.





बेट्सी ने उसे गुड़िया दी.

"यह तुम्हारे लिए है," उसने कहा.

एमेलिन ने गुड़िया ले ली.

उसने उसे उल्टा किया.

उसने उसे सीधा किया.

"यह एक गुड़िया है,"

बेट्सी ने कहा.

"मैंने इसे मकई के छिलकों से बनाया है."

"मैंने पहले कभी मैदानी गुड़िया

नहीं देखी," एमेलिन ने कहा.

उसने गुड़िया नीचे रख दी.

बेट्सी ने अपनी आँखें नीची कर लीं.







तभी माँ ने बेट्सी को बुलाया.

"सब आदमी छत पर काम कर रहे हैं.

दादी डावसन और मैं

एक गलीचा बनाने में

मिसेज फिट्ज़रॉय की

मदद करने जा रहे हैं.

तुम और एमेलिन बेरी

चुनने क्यों नहीं जातीं?"

"मुझे नहीं लगता कि एमेलिन को

गुड़िया पसंद आई," बेट्सी ने कहा.

"मुझे नहीं लगता कि

वह मेरी दोस्त बनना चाहती है."

"एमेलिन और उसके परिवार को

शुरू में मैदानी इलाके में कुछ मुश्किल होगी,"

माँ ने कहा. "वे शहरी लोग हैं.

उन्हें यहाँ के जीवन के बारे में

जानने में कुछ समय लगेगा,

उन्हें हमारी मदद की ज़रूरत होगी."

बेट्सी ने दो खाली टोकरियाँ देखीं.

"हम बेरी चुनने की प्रतियोगिता
कर सकते हैं," उसने कहा.

"यह एक अच्छा विचार है," माँ ने कहा.

बेट्सी ने कहा, "एमेलिन और मैं एक टीम में होंगे.
फ्रैंक और जुड दूसरी टीम में."





उसने एमेलिन को प्रतियोगिता के बारे में बताया.

"मैं पहले कभी बेरी चुनने नहीं गई,"
एमेलिन ने कहा.

"मैं तुम्हें दिखाऊंगी कैसे," बेट्सी ने कहा.
"मुझे पता है कि बेरी कहाँ मिलती है."



अध्याय 5
मैदानी दोस्त

बेट्सी और एमेलिन धारा के ऊपर
की ओर चल पड़े.
"वहाँ एक बफैलोबेरी का
इलाका है," बेट्सी ने कहा.
उन्होंने टोकरी को बेरियों से भरा.
घास उनके सिर के ऊपर तक ऊंची थी.
घास उनके चेहरे को छू रही थी
और उनकी नाक को गुदगुदा रही थी.



जल्द ही उनका काम ख़त्म हो गया.

एमेलिन बहुत शांत थी.

बेट्सी को याद आया

कि उसकी माँ ने, एमेलिन के

मैदानी इलाके में

नए जीवन के बारे में क्या कहा था.

बेट्सी ने गहरी साँस ली और पूछा,

"तुम अपनी गुड़िया का

क्या नाम रखने जा रही हो?"





"मुझे नहीं पता," एमेलिन ने कहा.

"मैंने पहले एक दुकान से

एक चीनी गुड़िया खरीदी थी.

उसका नाम ऐन था.

लेकिन हमें यहाँ आने से पहले

सब कुछ बेचना पड़ा."

एमेलिन की आवाज़ से ऐसा लग रहा था

जैसे वह रो पड़ेगी.

बेट्सी ने टोकरी नीचे रखी और पूछा,

"क्या तुम्हें लंगड़ी टांग खेलना पसंद है?

हाँ, वो मेरे पसंदीदा खेलों में से एक है."

"मेरा भी," एमेलिन ने कहा.

"हमने वो सेंट पॉल में खेला था."

बेट्सी ने कहा, "चलो यहाँ खेलते हैं."

उन्होंने ऊँची घास में खेल खेला.



थोड़ी देर बाद बेट्सी ने कहा,

"अब हमें वापस जाना चाहिए."

उसने इधर-उधर देखा.

"घास बहुत ऊँची है.

मुझे नाला दिखाई नहीं दे रहा है,"

उसने कहा.

"क्या हम खो गए हैं?"

एमेलिन ने पूछा.

"हमें नाला ढूँढना है

और फिर उसके पीछे-पीछे

तुम्हारे घर तक जाना है,"

बेट्सी ने कहा.





वे एक तरफ गए, फिर दूसरी तरफ,

लेकिन उन्हें सिर्फ़ घास ही दिखाई दी.

"हम खो गए हैं!" एमेलिन चिल्लाई.

"हम क्या करेंगे?"

अचानक बेट्सी ने कुछ सुना.

गर-ऊ-ऊ. गर-ऊ-ऊ.

"सैंडहिल क्रेन!" बेट्सी ने कहा.

"जल्दी करो, चलो उनकी आवाज़

का पीछा करते हैं!

वे दिन के अंत में

नाले के पास उतरते हैं."



गर-ऊ-ऊ. गर-ऊ-ऊ.

बेट्सी और एमेलिन

पक्षियों के पीछे भागीं.

एमेलिन लड़खड़ा गई

और घास में गिर गई.

बेट्सी ने उसे उठाया.

"चिंता मत करो,


हम लगभग वहाँ पहुँच चुके हैं,"

बेट्सी ने कहा.






वे क्रेन की आवाज़ के करीब
और करीब आते गए.
आखिरकार, उन्होंने नाला देखा.
"अब हम अपने घर का रास्ता
ढूँढ सकते हैं," बेट्सी ने कहा.



"तुम्हें वापस जाने का रास्ता मिल गया!
तुम्हें पता था कि क्या करना है,"
एमेलिन ने कहा.
"जल्द ही तुम भी सीख जाओगी,"
बेट्सी ने कहा.
"मैदानी इलाके के बारे में
सीखने में मैं तुम्हें मदद करूँगी."



"वे आ रहे हैं!" सभी चिल्लाए.
बेट्सी और एमेलिन
घर की ओर भागीं.



"तुम्हारी बेरी कहाँ हैं?"

जुड ने पूछा.

"हमने अपनी टोकरियां खो दीं,"

बेट्सी ने कहा.

"फ्रैंक और मैंने प्रतियोगिता जीत ली!"

जुड चिल्लाया.





बेट्सी और एमेलिन एक-दूसरे

को देखकर मुस्कुराईं.

उन्हें जीतने की परवाह नहीं थी.



एमेलिन ने

अपनी नई गुड़िया उठाई.

"मुझे लगता है कि मैं उसे

पर्ल कहूँगी," एमेलिन ने कहा.

"क्या तुम मुझे बता सकती हो

कि तुमने उसे कैसे बनाया?"



बेट्सी मुस्कुराई.

"मैं तुम्हें उसे बनाना सिखाऊँगी,"

उसने अपनी नई दोस्त से कहा.

लेखक का नोट

लगभग डेढ़ सौ साल पहले पायनियर्स अमेरिका के प्रेयरी (मैदानी इलाकों) में खेती करने आए थे. पहले वे "डगआउट" में रहते थे, पहाड़ी के किनारे खोदे गए आश्रय स्थलों में. बाद में उन्होंने मिट्टी के ब्लॉकस को काटकर एक या दो कमरों वाले सोडी बनाए, जिन्हें "सोड" कहा जाता था, और उनमें रिक्त स्थानों को मिट्टी से भर दिया जाता था. कुछ लोग वैगन से फर्नीचर लाए. दूसरों ने लकड़ी से अपनी खुद की टेबल और कुर्सियाँ बनाईं और मकई के छिलकों से भरे बिस्तर बनाए. सोडी को साफ रखना मुश्किल था और बारिश होने पर उसमें से पानी टपक सकता था, लेकिन वो सर्दियों में गर्म, और गर्मियों में गुफा की तरह ठंडी रहती थी.

लोग एक-दूसरे से दूर रहते थे और अक्सर अकेलापन महसूस करते थे. दोस्तों के साथ मिलना एक खास अवसर होता था. मिलने-जुलने से लोगों को खाना, औजार और साबुन बनाने के लिए चरबी या लाई जैसी दूसरी ज़रूरतें भी साझा करने का मौका मिलता था. परिवार एक-दूसरे की मदद करने के लिए इकट्ठा होते थे. वे मिल-जुलकर रहने वालों को "मधुमक्खियाँ" कहते थे. वो पौधे लगाने और कटाई करने वाली मधुमक्खियाँ, सोडी बनाने और खलिहान बनाने वाली मधुमक्खियाँ, रजाई बनाने वाली मधुमक्खियाँ, सेब तोड़ने वाली मधुमक्खियाँ और मकई की भूसी वाली मधुमक्खियाँ थीं. जब काम पूरा हो जाता, तो सभी लोग डिनर पॉटलक स्टाइल में अपना-अपना खाना साझा करते और अगली बार वे कब मिलेंगे इस बारे में बात करते.

